:- 01234-(o) 262130
(R)262014

# JANTA VEDIC COLLEGE

BARAUT-250 611, BAGHPAT (U.P.)
NAAC Accredited "A" Grade college "3.39/4.00 C.G.P.A"

Ref. No. 05/JVC IQAC/2025-26 Dated: 31-07-2026

**Internal Quality Assurance Cell (IQAC)**

**Janta Vedic College, Baraut**

## Action Taken Report (ATR) and Outcomes (2025–26)

**Action Taken and Outcomes**

1. **Digital Governance through Samarth Portal**
   - IQAC continued its commitment to institutional efficiency, transparency, and academic excellence through digital governance initiatives. Faculty assessment and evaluation were conducted through the Samarth Portal, and comprehensive faculty data related to teaching, research, extension activities, and administrative responsibilities for the academic session 2025–26 were successfully uploaded.

2. **Faculty Promotion through Samarth Portal**
   - A historic milestone was achieved when, for the first time in the history of the college, faculty promotions were processed and approved entirely through the Samarth Portal. During the academic session, five faculty members were successfully promoted through the portal. This initiative reflects the institution's commitment to transparent, efficient, and technology-driven governance in line with the objectives of Digital India, NEP 2020, and NAAC quality benchmarks.

3. **Workshops, seminars, and training programmes**
   - The college organized several workshops, seminars, and training programmes to enhance teaching competencies, research aptitude, digital literacy, and overall professional development of faculty members.

4. **Promotion of ICT-enabled Teaching-Learning**
   - The institution significantly strengthened ICT-enabled teaching-learning practices. Digital platforms such as Google Classroom were extensively utilized across departments for online teaching, assignment submission, learning resource sharing, and continuous student engagement. The implementation and utilization of ICT tools have been systematically documented and uploaded on the UP PRAMAN Portal for quality monitoring and assessment.

5. **Digital Admission and Promotion Process**

:- 01234-(o) 262130
(R)262014

# JANTA VEDIC COLLEGE

BARAUT-250 611, BAGHPAT (U.P.)
NAAC Accredited "A" Grade college "3.39/4.00 C.G.P.A"

- Student admissions and faculty promotion processes were successfully conducted through the **Samarth Portal**, ensuring transparency, efficiency, and accountability in academic administration.

6. **Promotion of Innovation and Entrepreneurship**
   - IQAC emphasized innovation, entrepreneurship, and skill development by encouraging departments to organize awareness programmes, workshops, and training activities that motivated students to develop entrepreneurial ideas and innovative projects addressing local and regional needs.
7. **Guest Lecture Series (Dr. M.H. Marigowda Memorial Lecture Series)**
   - Under the aegis of IQAC and the Department of Horticulture, the college successfully organized the Dr. M.H. Marigowda Memorial Guest Lecture Series from 22–27 September 2025, in alignment with NEP 2020. Eminent academicians, scientists, and experts from across the country delivered lectures on emerging areas of horticulture and agricultural sciences. The programme enhanced students' academic knowledge, research orientation, scientific temper, and practical understanding while strengthening the institution's quality initiatives and academic excellence.
8. **Skill Development Programme on Post-Harvest Management**
   - Under the aegis of IQAC, the Departments of Horticulture, Plant Pathology, and Agricultural Engineering organized an Eight-Day Skill Development Programme on "Post-Harvest Management and Value Addition of Horticultural Crops" commencing on 20 April 2026, providing practical exposure and entrepreneurial skills to students.
9. **Skill Development Programme on Landscaping**
   - Another Eight-Day Skill Development Programme on Landscaping was organized under the aegis of IQAC from 20 April 2026 by the Departments of Horticulture, Agricultural Economics, and Botany, promoting practical knowledge and professional skills in landscape planning and management.
10. **Sewing and Embroidery Training Programme**
    - A 90-day Sewing and Embroidery Training Programme commenced on 30 October 2025 under the Skill Development Course (Apparel Designing). Conducted in collaboration with Singer India Company under a Memorandum of Understanding (MoU), the programme provided hands-on training in sewing, embroidery, and apparel designing. The initiative significantly enhanced students' employability, self-reliance, and entrepreneurial capabilities.

(Prof. (Dr.) Rashmi Nig

**11. Anveshika Physics Bharat Yatra**

- Janta Vedic College successfully hosted the prestigious Anveshika Physics Bharat Yatra under the Indian Association of Physics Teachers (IAPT) Anveshika Network, promoting experiential learning, scientific temperament, innovation, and national-level academic collaboration.

**12. Career Guidance and Campus Placement**

- The Career Guidance and Placement Cell organized a campus placement drive was conducted on 16 October 2025 in collaboration with Mankind Pharma Ltd., with participation from more than 100 students.

**13. Departmental Academic Presentations**

- All academic departments presented their annual achievements on 22 January 2026 and 24 January 2026. The presentations highlighted departmental achievements in academics, research, extension activities, best practices, innovations, and co-curricular activities for the academic year 2024–25 and the ongoing session, strengthening IQAC's quality monitoring and documentation process.

**14. Holistic Student Development**

- The college promoted holistic student development through NSS, NCC, Sports, and Cultural Committees. Numerous extension and outreach activities were organized on environmental conservation, road safety, cleanliness drives, Mission Shakti, Beti Bachao Beti Padhao, health awareness, and community engagement. Cultural programmes aligned with NEP 2020 promoted creativity, multilingualism, leadership, communication skills, and Indian Knowledge Systems. Students received recognition at university and district levels.

**15. E-Content Development Training Programme**

- An E-Content Development Training Programme was organized from 23 February to 25 February 2026 to strengthen faculty capacity in developing digital learning resources and e-content for effective teaching-learning.

**16. Viksit Bharat Youth Parliament 2026**

- On 27 February 2026, the district-level programme "Viksit Bharat Youth Parliament 2026" was successfully organized at Janta Vedic College, Baraut. The programme encouraged democratic values, leadership qualities, and active youth participation in nation-building.

17. **National Sports Day Celebration**

- National Sports Day was celebrated from 29–31 August 2025 under the theme "Ek Ghanta, Khel Ke Maidan Mein", in accordance with Government of Uttar Pradesh guidelines, paying tribute to Major Dhyan Chand and promoting physical fitness among students.

18. **Introduction of New Academic Programmes**

- To meet increasing student demand and promote career-oriented education, the college introduced B.Sc. Home Science and an additional section of B.Sc. Agriculture under the self-financed scheme.

19. **I-STEM Registration**

- The institution completed its registration on the **I-STEM Portal**, and faculty members were also registered to facilitate access to advanced research infrastructure, scientific equipment, and innovation resources.

20. **Library Strengthening**

- The Central Library was significantly strengthened through the procurement of DELNET membership, implementation of DrillBit Plagiarism Detection Software, and adoption of the One Nation One Subscription (ONOS) initiative, thereby enhancing access to national and international scholarly resources while promoting academic integrity.

21. **ISO Certification**

- The institution successfully obtained ISO Certification from the Government of India, reflecting its commitment to maintaining quality standards in academic, administrative, and institutional processes.

22. **Alumni Association Registration**

- The registration process for the Alumni Association was initiated to strengthen alumni engagement, institutional networking, and resource mobilization.

23. **Memoranda of Understanding (MoUs)**

- The college signed several **Memoranda of Understanding (MoUs)** with academic institutions and industry partners to promote collaborative research, student training, internships, faculty exchange, and placement opportunities.

24. **Expansion of Library Resources**

- The college further expanded its library resources through the addition of new books, reference materials, journals, e-resources, and digital learning facilities.

25. **Infrastructure Development**

- Significant infrastructural improvements were undertaken, including renovation of laboratories, classrooms, and the indoor sports stadium. Campus facilities such as lighting, furniture, drinking water facilities, and safety measures were also upgraded.

26. **Women's Hygiene and Sanitation**

- Women's hygiene and sanitation facilities were strengthened through improved infrastructure and maintenance to ensure a safe and healthy campus environment.

27. **Establishment of Research Centres**

- The process of establishing departmental research centres was initiated to promote interdisciplinary research, innovation, consultancy, and academic excellence.

28. **Environmental Sustainability Initiatives**

- The Department of Botany organized extensive plantation drives across the campus, contributing to environmental sustainability and biodiversity conservation.

29. **World Nature Conservation Day**

- **World Nature Conservation Day** was celebrated on **28 July 2025** by the Department of Botany through awareness programmes and plantation activities promoting environmental responsibility.

30. **Campus Flora Identification**

- A comprehensive Campus Flora Identification Programme was undertaken to document and identify plant biodiversity available within the college campus, supporting academic learning and environmental awareness.

31. **UP PRAMAN Portal Data Management**

- The institution successfully uploaded institutional data for the months of December 2025, January 2026, February 2026, March 2026, April 2026, and June 2026 on the UP PRAMAN Portal within the stipulated timelines. The

college secured an improved institutional score through systematic documentation, timely submission, and continuous quality monitoring.

32. **Strengthening of IQAC Functioning**

- IQAC remained actively engaged in planning, monitoring, reviewing, and documenting institutional quality initiatives. Continuous monitoring of quality parameters was carried out through IQAC, Development Committees, and departmental quality assurance mechanisms, resulting in sustained improvement in institutional performance.

**33. Agriculture Summit on Climate Change and Sustainable Agriculture**

- The college, in collaboration with Sustainability Matters and IndiAgri, successfully organized the Agriculture Summit on "Policy Dialogue on Climate Change and Agriculture" on 14 May 2026. The summit brought together policymakers, academicians, researchers, industry experts, and students to deliberate on the challenges posed by climate change to the agricultural sector and to explore sustainable policy interventions. The programme facilitated knowledge exchange on climate-resilient agriculture, sustainable farming practices, agri-innovation, and policy frameworks, thereby strengthening the institution's commitment to environmental sustainability, multidisciplinary learning, and stakeholder engagement in alignment with NEP 2020 and the Sustainable Development Goals (SDGs).

:- 01234-(o) 262130
(R)262014

# JANTA VEDIC COLLEGE

BARAUT-250 611, BAGHPAT (U.P.)
NAAC Accredited "A" Grade college "3.39/4.00 C.G.P.A"

**Overall Outcomes**


- Enhanced transparency and efficiency through digital governance.
- Successful implementation of Samarth Portal for faculty promotion and academic administration.
- Improved institutional performance through systematic quality monitoring.
- Strengthened ICT-enabled teaching-learning ecosystem.
- Enhanced student employability through skill development and placement initiatives.
- Promotion of innovation, entrepreneurship, research, and interdisciplinary collaboration.
- Strengthened library, digital resources, and research infrastructure.
- Improved institutional documentation through timely submission of data on the UP PRAMAN Portal.
- Significant enhancement of campus infrastructure, academic facilities, environmental sustainability, and student support services.
- Strengthened quality culture in alignment with **NAAC**, **NEP 2020**, and the vision and mission of the institution.

**Dr. Rashmi Nigam**
**IQAC Coordinator**
Co-ordinator
IQAC
Janta Vedic College
Baraut (Baghpat)-250611 (U.P.)


**Dr. G. P. Singh**
**Principal**
Principal
Janta Vedic College
Baraut (Baghpat)

Copy to:

- IQAC Office
- Website Incharge




## Promotion Of Faculty Members Was Processed And Approved Entirely Through The Online Samarth Portal





MEMORANDUM OF UNDERSTANDING

Between

Department of Youth Affairs, Ministry of Youth Affairs & Sports
Government of India

(hereinafter referred to as DoYA)

And


Janta Vedic College, Baraut, Baghpat,
250611 Uttar Pradesh

(hereinafter referred to as JVC, Baraut)


**Another MOU signed between Principal Janta Vedic College, Baraut and Department of Youth affairs, Ministry of Youth affairs and sports Government of India. This is for conduct of Viksit Bharat Youth Parliament 2026 for Baghpat district.**

## जेवी महाविद्यालय कराएगा भारत युवा संसद का आयोजन

बड़ौत: जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा माय भारत पोर्टल के सहयोग से विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन करने की जिम्मेदारी मिली है। युवा संसद का उद्देश्य जनपद बागपत के युवाओं को लोकतंत्र, नीति निर्माण एवं विकास पर अपनी आवाज बुलंद करने का मंच प्रदान करना है। इस वर्ष युवा संसद का विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सीख निर्धारित किया गया है। यह प्रतियोगिता तीन चरणों जनपद स्तरीय, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय पर आयोजित की जाएगी। इस जनपद स्तरीय कार्यक्रम के बाद युवाओं को विधान सभा लखनऊ में अपनी बात रखने का मौका मिलेगा। इसके बाद संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपना विचार रखने का अवसर मिलेगा। प्रत्येक जनपद से चयनित शीर्ष 10 प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर भाग लेने का अवसर मिलेगा। यह जानकारी कालेज के प्राचार्य वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने दी।









# जनता वैदिक कालेज और एफपीओ के बीच एमओयू

## छात्रों को मिलेगा खेतों में अनुभव किसानों को मिलेगा वैज्ञानिक मार्गदर्शन

**जागरण संवाददाता, बड़ौत :** जनता वैदिक कालेज एवं किसान उत्पादक संगठन लिमिटेड (एफपीओ) के बीच शिक्षा एवं कृषि क्षेत्र में समन्वित विकास को सुदृढ़ करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस समझौते से छात्रों को इंटर्नशिप एवं फील्ड प्रशिक्षण के अवसर प्रदान किए जाएंगे और कृषि उत्पादों में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा दिया जाएगा। एफपीओ से जुड़े किसान सदस्यों को विस्तार एवं परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।



समझौता पत्र दिखाते प्राचार्य वीरेंद्र प्रताप सिंह व एफपीओ ग्राम दाहा के सभापति देवेंद्र राणा●

समझौते के अनुसार, कालेज अपने प्राध्यापकों एवं विषय विशेषज्ञों के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षण एवं तकनीकी परामर्श देगा तथा इंटर्नशिप पूर्ण करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र जारी करेगा। एफपीओ मूल्य संवर्धन गतिविधियों के लिए तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराएगा, छात्रों के लिए फील्ड स्तर पर प्रशिक्षण की सुविधाएं सुनिश्चित करेगा तथा अपने किसान सदस्यों को विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करेगा। कालेज प्राचार्य डा. वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया यह एमओयू नई शिक्षा नीति के अनुरूप सीखते हुए करने की अवधारणा को साकार करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। इससे छात्रों को न केवल व्यावहारिक ज्ञान मिलेगा, बल्कि वे कृषि क्षेत्र की वास्तविक चुनौतियों को समझकर उनके समाधान में भी योगदान दे सकेंगे। एफपीओ के सभापति देवेंद्र राणा ने इस पहल को किसानों और विद्यार्थियों दोनों के लिए लाभकारी बताया। कालेज के पूर्व प्राचार्य डा. अरुण कुमार सोलंकी, डा. गजेंद्र प्रताप सिंह तथा डा. विनय कुमार भी मौजूद रहे।

## DR. M.H. MARIGOWDA MEMORIAL LECTURE SERIES CUM WEBINAR IN HORTICULTURE

(UNDER THE AEGIS OF IQAC)

22/09/2025 TO 26/09/2025

**Online mode**

ORGANISED BY
DEPARTMENT OF HORTICULTURE
JANTA VEDIC COLLEGE BARAUT BAGHPAT

### Organizing Committee

**Sh. Virendra Pal Singh: Chief Patron and President Management Committee**
**Sh. Yogendra Singh Solanki: Patron and Secretary, Management Committee**
**Prof (Dr.) V.P. Singh:Patron and Principal, Janta Vedic College**
**Prof. Madan Pal: Vice Principal**
**Prof. G. P. Singh: Coordinator, IQAC**
**Prof. Shyam Kishor: Coordinator NAAC**
**Dr. Joginder Singh: Programme Coordinator**
**Dr. Anupam Tiwari: Organising Secretary**
**Dr. M.S. Rathi:Co- organising Secretary**
**Dr. Saurabh Kumar Singh: Co- organising Secretary**
**Sh. Abhay Vikram Singh: Co- organising Secretary**

### Programme schedule

| Date | Name of speaker | Chairperson |
|---|---|---|
| 22/09/2025 | Prof. Rajendra Singh, Head Biocontrol Lab Department of Entamology, SVPUAT, Meerut | Prof. Shyam Kishor |
| 23/09/2025 | Dr. Neelesh Kapoor, Department of Fingerprinting, College of Biotechnology, SVPUAT, Meerut | Dr. Rajesh Kumar Gupta |
| 24/09/2025 | Mr. Vishnu Lal Patidar, R&D, Department of Forest, Ratlam, Madhya Pradesh | Prof. Sheesh Pal Singh |
| 25/09/2025 | Dr. Neeharika Kanth, Department of Horticulture, PGCA, RPCAU, Pusa,. Samastipur-848 125 Bihar, India. | Dr. Rashmi Nigam |
| 26/09/2025 | Dr. Pavitra Dev, CCS University Meerut | Prof. G. P. Singh |
| 27/09/2025 | Prof. Amit Khokhar, SKUAST-Kashmir | Prof. Madan Pal |





## जनता वैदिक कॉलेज में अतिथि व्याख्यान श्रृंखला संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** जनता वैदिक कॉलेज के इतिहास में पहली बार आईक्यूएसी एवं उद्यान विज्ञान विभाग के तत्त्वावधान में डा.एम.एच. मारिगोडा स्मृति व्याख्यान श्रृंखला का सफल आयोजन 22 से 27 सितम्बर 2025 तक किया गया। यह आयोजन पूरी तरह से राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी-2020 की भावना और उद्देश्यों के अनुरूप रहा। इस श्रृंखला में भारतवर्ष के प्रमुख शिक्षाविदों ने उद्यानिकी से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर छात्रों से वार्ता की। व्याख्यान श्रृंखला के आयोजन सचिव डा.अनुपम तिवारी रहे, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम का संचालन और समन्वयन डा. जोगिन्दर सिंह के मार्गदर्शन में किया। छह दिवसीय इस व्याख्यान श्रृंखला में स्नातकोत्तर एम.एससी. एवं स्नातक स्तर के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की और विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों से नवीनतम शोध एवं प्रायोगिक जानकारियाँ प्राप्त कीं। श्रृंखला में विशेष रूप से डा.नीलम कश्यप, डा.आशीष सिंह वैज्ञानिक, आईसीएआर तथा विष्णुलाल पाटीदार वनप्रसार अधिकारी रतलाम जैसे प्रतिष्ठित वक्ताओं ने उद्यानिकी एवं कृषि विज्ञान से जुड़े विविध आयामों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उनके व्याख्यानों ने विद्यार्थियों को अनुसंधानोन्मुख दृष्टिकोण अपनाने और व्यावहारिक जीवन में वैज्ञानिक सोच विकसित करने हेतु प्रेरित किया। कॉलेज प्राचार्य प्रो.वी.पी. सिंह ने कहा कि ऐसे अकादमिक आयोजन विद्यार्थियों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलते हैं। यह उनके ज्ञान को समृद्ध करने के साथ-साथ उन्हें अनुसंधान और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं।

शाह टाइम्स

# जनता वैदिक कॉलेज ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

## बलवान सिंह ककोर ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**बड़ौत (सच कहूँ न्यूज)।** जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत में आयोजित चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से संबद्ध महाविद्यालयों की दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जनता वैदिक कॉलेज और एन ए एस कॉलेज मेरठ के बीच खेला गया। इसमें जनता वैदिक कॉलेज ने एन ए एस कॉलेज को 38-20 के अंतर से हराकर सत्र 2025-26 की प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।



प्रतियोगिता के दूसरे दिन की शुरूआत अमर सिंह कॉलेज लखावटी और जनता वैदिक कॉलेज, बड़ौत के बीच लीग मैच से हुई, जिसमें जनता वैदिक कॉलेज ने 30-18 से जीत दर्ज की। इसके बाद लीग मैचों में एन ए एस कॉलेज मेरठ ने मेरठ कॉलेज को 36-07 और अमर सिंह कॉलेज लखावटी को 29-12 से हराया। जनता वैदिक कॉलेज ने मेरठ कॉलेज को 47-13 और मेरठ कॉलेज ने अमर सिंह कॉलेज को 21-09 से पराजित किया।

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि एवं पूर्व प्रशिक्षक कबड्डी बलवान सिंह ककोर ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की और कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में अनुशासन की भावना, शारीरिक और मानसिक सुदृढ़ता विकसित करने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र प्रताप सिंह ने की, जबकि संचालन डॉ. गीता तालियान ने किया। तकनीकी अधिकारियों के रूप में रामपाल, अनिल कुमार, परविंदर, धीरज, धर्मेंद्र, राकेश कुमार और रिशिपाल ने योगदान दिया। आयोजन सचिव डॉ. अनंत काल खंडे ने समस्त अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतियोगिता में पूर्व प्राचार्य डॉ. अरुण सोलंकी, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. गजेंद्र प्रताप सिंह, उप-प्राचार्य डॉ. मदनपाल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. रघुराज सिंह, कार्यालय अधीक्षक श्री सोविंदर मालिक सहित अन्य सहयोगियों का योगदान सराहनीय रहा।

# WRESTLERS: THE DOMINANTS






# BASKETBALL: CHAMPION AGAIN




## बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जेवी कॉलेज चैंपियन

बड़ौत। चौधरी चरणसिंह विवि की अंतर महाविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जेवी कॉलेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर चैंपियनशिप पर कब्जा किया। टीम का कॉलेज में जोरदार स्वागत किया गया। यह प्रतियोगिता अनूपशहर के डीपीबीएस कॉलेज में आयोजित हुई। जेवी कॉलेज की टीम में प्रिंस पंवार, वतन पंवार, अर्जुन सिंह, अर्जुन सरोहा, देवेश मलिक, तोषित तोमर शामिल रहे। कॉलेज के खेल शिक्षक डॉ अनंत ने जानकारी देते हुए बताया कि जेवी कॉलेज ने क्वार्टर फाइनल मैच में एचएलएम कॉलेज की टीम को 41-16 के बड़े अंतर से पराजित किया।

[redacted]

**PLANTATION DRIVE**






**DEPARTMENT PRESENTATIONS**






**26 JANUARY CELEBRATION**

# बागपत। हमारे संविधान ने हर एक देशवासी को किया सशक्त, चौ० वीरेन्द्रपाल सिंह



कार्यक्रम को संबोधित करते हैं प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह



डॉ० राजेश कुमार दूबे द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन करते

बागपत। जनता वैदिक कॉलिज, बडौत (बागपत) में 77वां गणतन्त्र दिवस बडे हर्षोल्लास के साथ एक उत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कॉलिज में शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, छात्र एवं छात्राएं भारी संख्या में मौजूद रहे। एन०सी०सी० कैडेट्स द्वारा प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्रपाल सिंह एवं पदाधिकारियों तथा कॉलिज प्राचार्य डॉ० वीरेन्द्र प्रताप सिंह को गार्ड आॅफ आॅनर दिया गया। प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष तथा प्राचार्य ने गणतन्त्र दिवस पर ध्वजारोहण किया, तत्पश्चात राष्ट्रगान गाया गया। कार्यक्रम का अगला चरण महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ, जिसमें अनेक छात्र एवं छात्राओं ने राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत गीत गाये। साथ ही साथ गणन्तत दिवस के सम्बन्ध में अपने समीचीन विचारों की अभिव्यक्ति भी की। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय प्रबन्ध समिति एवं प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय के भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर-डॉ० राजेश कुमार दूबे द्वारा लिखित पुस्तक "भारतीय ज्ञान परंपरा एक सांस्कृतिक सन्दर्भ" का विमोचन किया गया। प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष ने पुस्तक को उदबोधित करते हुए बताया कि यह पुस्तक स्नातक कक्षाओं के सभी विषय एवं सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी होगी। हम सभी जानते है कि आज ही के दिन हमारे देश का संविधान पूर्ण रूप से लागू हुआ था, तभी से इस दिन को हर वर्ष गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान ने हर एक देशवासी को सशक्त किया है। आज देश ने तरक्की की जिन उंचाईयों को छुआ है, वह केवल हमारे लोकतंत्र से मिल गणतान्त्रिक शक्तियों से ही संभव हुआ है। इस अवसर पर श्री बुद्धसिंह, श्री देवेन्द्र सिंह, कॉलिज प्राचार्य डॉ० वीरेन्द्र प्रताप सिंह उप-प्राचार्य डॉ० मदनपाल सिंह, डॉ० प्रताप चैधरी, आई.क्यू.ए.सी कोर्डिनेटर प्रोफेसर जी० पी० सिंह ने अपने विचार रखे। साथ ह कृषि, कला, वाणिज्य तथा विज्ञान संकाय के समन्वयकों के द्वार अपने संकाय की 2024-25 की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तु किया गया, जोकि महाविद्यालय को गौरवांन्वित करने वाली हैं प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष द्वारा महाविद्यालय शिक्षण एवं प्रशिक्षण तंत्र को अत्यधित आधुनिक, सुग्राहय तथा शक्तिशाली बनाने के लिए हरसंभव सहयोग करने के लिए प्राचार्य एवं शिक्षको को आश्वस्त किया। कार्यक्रम में डॉ० उर्वेन्द्र कुमार-सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ० श्यामकिशोर, डॉ० प्रताप चैधरी, डॉ० राजेश कुमार गुप्ता ब्रजराज सिंह तोमर, डॉ० अनुपम तिवारी, रवित तोमर, सोविन मलिक, शशिकान्त, श्रीपाल कुमार, गुलबीर सिंह, संजीव, अभ सांगवान, उमानन्द त्यागी, नितिन कुमार आदि का गणतन्त्र दिवस के आयोजन के प्रशासन एवं प्रबन्धन में सफल योगदान रहा है महाविद्यालय में आयोजित गणतन्त्र दिवस समारोह की अध्यक्षत प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्रपाल सिंह तथा नेतृत्व प्रोफेसर प्राचार्य डॉ० वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम के सफलतापूर्ण संचालन एवं निष्पादन में डॉ० अनुपम तिवारी असि०प्रोफेसर की केन्द्रीय एवं प्रभावी भूमिका रही है।

**CAMPUS FLORA IDENTIFICATION**




**WORLD NATURE CONSERVATION DAY**



# विकसित भारत के निर्माण में सहयोग करें युवा

## नगर के जनता वैदिक कॉलेज में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम संपन्न

● जनवाणी संवाददाता, बड़ौत

नगर के जनता वैदिक कॉलेज में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों से जोड़ते हुए विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम हेतु जनपद बागपत के युवाओं से मेरा युवा भारत पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित किए गए, जिनमें 160 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। वर्ष 2026 की यूथ पार्लियामेंट का विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक निर्धारित किया गया। इस अवसर पर भाषण एवं संवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रत्येक प्रतिभागी को तीन मिनट में अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। प्रतिभागियों का मूल्यांकन विद्वान एवं अनुभवी ज्यूरी सदस्यों द्वारा विषय-वस्तु, तार्किकता, अभिव्यक्ति कौशल, आत्मविश्वास एवं प्रभावशीलता के आधार पर किया गया। जनपद स्तर से चयनित पांच प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अनुशंसित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद, बागपत डॉ. राजकुमार सांगवान व प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की ज्यूरी में डॉ. प्रतेश कुमार, बबीता तोमर, प्रो. डा. अशोक चौधरी, डा. राजीव कुमार एवं अमन कुमार सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. गीता रानी द्वारा किया गया।



जनता वैदिक कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंचासीन अतिथि।

आयोजन क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, उत्तर प्रदेश डॉ. समरजीत सक्सेना के आह्वान तथा राज्य संपर्क अधिकारी, एनएसएस, उत्तर प्रदेश शासन डॉ. मंजू सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. दुष्यंत कुमार चौहान के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, जनता वैदिक कॉलेज, बड़ौत एवं मेरा युवा भारत, बागपत के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. इंदु, डॉ. अमित कुमार नागर, डॉ. अमृत गुप्ता एवं डॉ. सरिता, डॉ. मुकेश कुमारका आयोजन में विशेष योगदान रहा।

# युवाओं के विचारों को महत्व दे रही सरकार : सांसद

**जागरण संवाददाता, बड़ौतः** जनता वैदिक डिग्री कालेज में शुक्रवार को जनपद स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन हुआ। इसका विषय आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक रहा। सांसद डा. राजकुमार सांगवान ने कहा कि सरकार युवाओं के विचारों को महत्व दे रही है और यह चाहती है कि देश का भविष्य युवाओं की सोच के साथ तय हो।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई जनता वैदिक कालेज एवं मेरा युवा भारत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में भाषण एवं संवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रत्येक युवा को 30 मिनट में विचार प्रस्तुत करने का अवसर दिया। प्रतिभागियों का मूल्यांकन ज्यूरी सदस्यों द्वारा विषय-वस्तु, तार्किकता, अभिव्यक्ति कौशल, आत्मविश्वास एवं प्रभावशीलता के आधार पर किया। जनपद स्तर से चयनित पांच प्रतिभागियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना तभी पूरा होगा, जब युवा आगे बढ़कर नेतृत्व करेंगे। सरकार युवाओं के विचारों को महत्व दे रही है और यह चाहती है कि देश का भविष्य युवाओं की सोच के साथ तय हो। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कालेज की प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की ज्यूरी में डा. प्रतेश कुमार, बबीता तोमर, प्रो. डा. अशोक चौधरी, डा. राजीव कुमार एवं अमन कुमार शामिल रहे। कार्यक्रम के लिए युवाओं से मेरा युवा भारत पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित किए गए, जिनमें 160 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। डा. गीता रानी के संचालन में कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक डा. समरजीत सक्सेना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य संपर्क अधिकारी डा. मंजू सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम समन्वयक डा. दुष्यंत कुमार चौहान रहे। इस दौरान डा. इंदु, डा. अमित कुमार, डा. अमृत गुप्ता, डा. सरिता, डा. मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।



बड़ौत के जनता वैदिक कालेज में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते सांसद डा. राजकुमार सांगवान व समिति पदाधिकारी●

- जनता वैदिक कालेज में विकसित भारत युवा संसद संपन्न
- मेरा युवा भारत पोर्टल पर 160 से ज्यादा आवेदन हुए प्राप्त

**SKILL DEVELOPMENT PROGRAMME**



प्रशिक्षण

कौशल विकास शिविर में अचार, जैम, मुरब्बा बनाने का ले रहीं प्रशिक्षण

# पढ़ाई के साथ स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनेंगी छात्राएं

संवाद न्यूज एजेंसी

**बड़ौत।** छात्राएं पढ़ाई के साथ स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनने के लिए कौशल विकास शिविर में अचार, मुरब्बा समेत कई तरह के खाद्य पदार्थ बनाना सीख रही हैं। वहीं खाद्य पदार्थों को लंबे समय तक बिना रासायनिक पदार्थों के सुरक्षित रखने की तकनीक भी सीख रही हैं।

लड़कियां शूटिंग, तीरंदाजी, वेटलिफ्टिंग, कबड्डी आदि क्षेत्र में आगे बढ़कर खूब नाम कमा रहीं हैं। अब स्वरोजगार करने के लिए भी लड़कियां कदम बढ़ा रही हैं। नगर के जनता वैदिक कॉलेज के डॉ. अनुपम तिवारी ने बताया कि कौशल विकास की तरफ से कॉलेज में प्रशिक्षण शिविर लगाया हुआ है। जिसमें पढ़ाई के साथ कॉलेज की छात्राएं प्रशिक्षण लेकर खाद्य प्रसंस्करण के उत्पाद जैम, जेली, अचार, जूस, पापड़, बिस्कुट, जैम, जेली, मुरब्बा, अचार, जूस, प्यूरी, चटनी, आलू के चिप्स आदि बनाना सिखाए जाते हैं।

खास बात है कि इन उत्पादों को बनाने के बाद लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए कोई रासायनिक पदार्थों का प्रयोग नहीं किया जाता है। जबकि बाजार में बिकने वाले उत्पादों रासायनिक पदार्थों का प्रयोग किया जाता है। बताया कि उत्पादों को बनाने के बाद इन्हें बेचकर कमाई कर आत्मनिर्भर बना जा सकता है। घर पर भी लड़कियां अपना स्वरोजगार शुरू कर सकतीं हैं। मोनिका, पिंकी, आरजू समेत अन्य कई छात्राएं पढ़ाई के साथ अपना स्वरोजगार शुरू कर चुकी हैं।

## यह बोलीं छात्राएं

पढ़ाई के साथ स्वरोजगारपरक प्रशिक्षण लेने में कोई बुराई नहीं है। उत्पादों को बनाना सीखने के बाद आत्मनिर्भर बनने के लिए स्वरोजगार भी किया जा सकता है।
**- आरती**

पढ़ाई के साथ काफी लड़कियां कौशल विकास शिविर में खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उत्पादों को बनाना सीख रहीं हैं, जिनमें छात्राओं की काफी रुचि बढ़ रही है।
**- मानसी**




बड़ौत के जनता वैदिक कॉलेज में छात्राओं को उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण देते डॉ.अनुपम तिवारी। संवाद

# कौशल विकास छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर

## जनता वैदिक कॉलेज में आठ दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम का हुआ समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** जनता वैदिक कॉलेज में आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित आठ दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रमों का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह कार्यक्रम 4 मई तक चले जिनका प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आज संपन्न हुआ, जिसमें छात्रों को स्वरोजगार और तकनीकी कौशल की बारीकियां सिखाई गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि और प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र पाल सिंह रहे।

कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वी.पी. सिंह ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि उनके द्वारा अर्जित यह कौशल न केवल उनके रोजगार में काम आएगा, बल्कि वे दूसरों के लिए भी मददगार बन सकेंगे। जानकारी के अनुसार, दोनों कौशल विकास कार्यक्रमों में लगभग 80 छात्रों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 75 छात्र प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पात्र रहे। छात्रों ने औद्यानिक फसलों के तोड़ाई उपरांत प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आम के उत्पाद, आरटीएस, नेक्टर स्क्वैश, टमाटर कैचप, सॉस, अचार, मुरब्बा, कैंडी और जैम सहित लगभग 50 से अधिक उत्पाद बनाने की तकनीक सीखी। लैंडस्केपिंग कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को नर्सरी प्रबंधन, पार्क के रख-रखाव और लैंडस्केपिंग की बारीकियों के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

इस अवसर पर नैक संयोजक डा.श्याम किशोर, आईक्यूएसी एडिशनल डायरेक्टर डा. रश्मि निगम, आयोजक सचिव डा.अनुपम तिवारी, डा.अभय विक्रम सिंह, डा.सौरभ कुमार सिंह, डा.पुखराज, डा.एमएस राठी और डा.मनोज कुमार शर्मा सहित कई गणमान्य शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

मख्य अभियंता रजनीकांत मिश्रा से मिला व्यापारी प्रतिनिधिमंडल

मजदरी मांगने पर बाइक सवार यवकों ने की मारपीट

**SEWING AND EMBROIDERY TRAINING PROGRAMME**





रूप से सफल रहा।

संचालित टीएसटीपी प्लांट में शोधित

सार्वजनिक स्थलों

ूल

ापत।
कलां
रेणाम
ा का
शर्मा
ा दीप
बंधक
जिला
कुमार
नियर
ाय के
लदीप
गपत,
ब्लक
प्रबंध
कड़ा,
बंधक
दिनेश
ंतराम
स्कूल
ात्येक
स्थान
कर व
ा।

# जनता वैदिक महाविद्यालय में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**धारा न्यूज संवाददाता, बड़ौत**

जनता वैदिक महाविद्यालय में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 90 दिनों का सिलाई एवं कढ़ाई प्रशिक्षण पूर्ण कर चुकी छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।समारोह में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चौधरी बिरेंद्रपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने, स्वावलंबी एवं सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ देते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि सभी छात्राओं ने वही परिधान पहने थे, जिन्हें उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान स्वयं अपने हाथों से तैयार किया था, जो आकर्षण का केंद्र बना। इसके अतिरिक्त, पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम की झलक प्रस्तुत करने हेतु एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसमें प्रशिक्षण के दौरान की गई गतिविधियों को दर्शाया गया।

# साइबर क्र

**धारा न्यूज संवाददाता,**

राष्ट्रीय सेवा योजना (
डी. कॉलेज, सिंभाव
आयोजित सात दिवस
(दिन-रात) का द्वित
उत्साह, अनुशासन ए
साथ संपन्न हुआ।
स्वयंसेवकों ने सम
अपनी प्रतिबद्धता क
ग्राम सिखैड़ा में साइ
जागरूकता अभियान

कार्यक्रम

प्रातःकालीन प्रार्थना
साथ हुआ, जिसमें स
बढ़-चढ़कर भाग
माध्यम से स्वस्थ
संदेश दिया गया।
कार्यक्रम अधिकारी
खान ने स्वयंसेवकों
हुए डिजिटल युग
अपराधों जैसे डि
डिजिटल अरेस्ट के
जानकारी दी। उन्होंने
प्रकार लोग अनज
शिकार हो जाते हैं अ

## E CONTENT DEVELOPMENT TRAINING PROGRAM






# AGRI SUMMIT


Latitude: 29.106155
Longitude: 77.266905
Elevation: 248.61±2.44 m
Accuracy: 13.81 m
Time: 14-05-2026 13:08
Note: agrisubmit JVC
Powered by NoteCam


Latitude: 29.106174
Longitude: 77.266818
Elevation: 248.41±2.28 m
Accuracy: 21.32 m
Time: 14-05-2026 12:18
Note: agrisubmit JVC
Powered by NoteCam

# किसानों को कम पानी और ज्यादा मुनाफे वाली फसलों के उत्पादन के लिए कर रही तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के जनता वैदिक कॉलेज में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गन्ना बेल्ट में अब खेती की तस्वीर बदलती नजर आ रही है। बागपत प्रशासन किसानों को कम पानी और ज्यादा मुनाफे वाली फसलों के उत्पादन के लिए तैयार कर रही है। इसी कड़ी में जिले में चिया सीड्स की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसके शुरुआती नतीजे उत्साहजनक बताए जा रहे हैं।

गुरुवार को जलवायु परिवर्तन और कृषि पर आयोजित क्षेत्रीय संवाद कार्यक्रम में डीएम अस्मिता लाल ने कहा कि किसानों को चिया की खेती के लिए बाहरी कृषि विशेषज्ञों से प्रशिक्षण दिलाया गया है। प्रशासन ने किसानों के लिए बाजार से जुड़ी फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेज व्यवस्था भी तैयार की है, ताकि उन्हें फसल बेचने और खरी-दने में से दिक्कत न हो। डीएम ने कहा, जलवायु परिवर्तन एक चिंतनीय विषय है। हमें ऐसी टिकाऊ और जलवायु अनुकूल खेती को बढ़ावा देना होगा जिससे किसानों की आय भी बढ़े। इस दौरान उन्होंने टिकाऊ खेती में योगदान देनेवाले कई प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया। परंपरागत रूप से गन्ना उत्पादन के लिए पहचाने जाने वाले बागपत में अब कई किसान गन्ने के साथ इंटरक्रॉपिंग के जरिए चिया उगा रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक चिया की फसल में पानी कम लगता है, ओलावृष्टि और खराब मौसम का असर भी कम पड़ता है। खास बात यह है कि नीलगाय भी इस फसल को नुकसान नहीं पहुंचाती है, जिससे किसानों का नुकसान कम हुआ है। जनता वैदिक पीजी कॉलेज में आई क्यू ए सी के संयुक्त



तत्वावधान आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों, एफपीओ, कृषि विशेषज्ञों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सस्टेनेबिलिटी मैटर्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डा. नवनीत आनंद ने कहा कि अनियमित बारिश, बढ़ता तापमान और भूजल संकट उत्तर प्रदेश की ख्रषि को लगातार प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जलवायु परिवर्तन का खतरा आज भी उतना ही गंभीर है जितना पहले था। पैनल चर्चा के अध्यक्ष और जनता वैदिक कॉलेज के डीन (कृषि) प्रो. जी पी सिंह ने कहा कि सिंचाई दक्षता, जल संरक्षण, फसल विविधीकरण और मजबूत कृषि वैल्यू चेन पर अब ज्यादा काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नीति स्तर पर मजबूत प्रयासों के चलते उत्तर प्रदेश देश के कुल गन्ना उत्पादन में 54 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी के साथ अग्रणी राज्य बना है, लेकिन इस स्थिति को बनाए रखने के लिए जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां और उनके समाधान को समझना जरूरी है। कृभको के वरिष्ठ प्रबंधक वशिष्ठ कुमार नायक ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के दौर में किसानों को बेहतर गुणवत्ता वाले बीज, संतुलित पोषण और वैज्ञानिक खेती की ओर बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में खेती को टिकाऊ और लाभकारी बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज, सही तकनीक और समय पर कृषि सलाह किसानों के लिए सबसे जरूरी है। जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव ने खेत तालाब योजना, ओडीओपी और कृषि अवसंरचना विकास जैसी योजनाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

हिन्दी दैनिक
**समाज जागरण**

# गन्ने के साथ चिया की खेती से किसानों की बढ़ी आय, पानी की खपत घटी

## जनता वैदिक कॉलेज में जलवायु परिवर्तन पर संवाद; डीएम अस्मिता लाल बोलीं: चिया को कम पानी, नीलगाय से भी सुरक्षित

**समाज जागरण**

बड़ौत। पश्चिमी यूपी के गन्ना बेल्ट में अब चिया सीड्स की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। गुरुवार को जनता वैदिक कॉलेज में जलवायु परिवर्तन और कृषि पर हुए संवाद में डीएम अस्मिता लाल ने कहा कि किसानों को विशेषज्ञों से चिया की खेती का प्रशिक्षण दिलाया गया है। बागपत में किसान गन्ने के साथ इंटरक्रॉपिंग कर चिया उगा रहे हैं। चिया में पानी कम लगता है, ओलावृष्टि का असर नहीं होता और नीलगाय भी नुकसान नहीं पहुंचाती। मक्का की खेती को भी बढ़ावा दिया



जा रहा है। डीएम ने टिकाऊ खेती करने वाले प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। डॉ. नवनीत आनंद ने कहा कि अनियमित बारिश और भूजल संकट से निपटने को टिकाऊ समाधान जरूरी हैं। प्रो. जी पी सिंह ने सिंचाई दक्षता और फसल विविधीकरण पर जोर दिया। जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव ने खेत तालाब योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम में एसडीएम भावना सिंह, श्योदान सिंह, प्रो. श्याम किशोर, डॉ. रश्मि निगम आदि मौजूद रहे।

चौ
3
निदे
बड़
इंटर
12
परी
विद्य
किय
बुध
सम
साक्ष
एवं
विद्य
क्षेत्र
एवं
विद्य
आर
नो
ने

**NSS ACTIVITIES**






**BLOOD DONATION CAMP NSS**






**FIRE SAFTEY DEMONSTRATION**






श्री रामकेश सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया गया साथ ही अंकित चौधरी मुख्य गन्ना अधिकारी व श्री वीरेंद्र नाथ ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सरसावा द्वारा को 0118, कोशा 13235, 15023, को सरसावा, गन्ना पर्यवेक्षक व मिल स्टाफ उपस्थित रहा।

# स्वयं सेविकाओं नें चलाया सड़क सुरक्षा अभियान, आमजन को किया जागरूक

**नीलकंठ / दुरेशिया**

बड़ौत। जनता वैदिक कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस) की चतुर्थ इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस का आयोजन सेवा, स्वच्छता एवं जनजागरूकता की भावना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल स्वयंसेविकाओं द्वारा शिविर स्थल की स्वच्छता से की गई। तत्पश्चात सभी ने एक स्वर में एनएसएस गीत गाकर राष्ट्रसेवा के संकल्प को दोहराया। वहीं इसके बाद शांतिनगर, पट्टी चौधरन स्थित शिव मंदिर परिसर में स्वयंसेविकाओं ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ मंदिर एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।और दोपहर सत्र के दौरान सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। स्वयंसेविकाओं ने सड़क सुरक्षा विषय पर रचनात्मक एवं आकर्षक पोस्टर तैयार किए। इसके उपरांत वे स्थानीय चौराहे पर पहुँचीं और आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन न चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण सड़क सुरक्षा विषय पर प्रस्तुत किया गया प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक रहा।वहीं उपस्थित नागरिकों ने स्वयंसेविकाओं के इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु ने कहा कि युवा शक्ति जब सेवा और जागरूकता का संकल्प लेती है, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन अवश्य आता है।



# राज्यमंत्री ने सुनी कार्यकर्ताओं की



जनता वैदिक कॉलेज में कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक व विद्यार्थी। स्रोत : शिक्षक

# पर्यावरण संरक्षण पर क्विज प्रतियोगिता में वसुंधरा प्रथम

संवाद न्यूज एजेंसी

बड़ौत। नगर के जनता वैदिक कॉलेज में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की चतुर्थ इकाई एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां क्विज प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें वसुंधरा टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।


कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर शीशपाल सिंह ने कहा कि पृथ्वी का संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण करना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु ने कहा कि पृथ्वी हमारे जीवन का आधार है और इसका संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग तथा प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। पौधरोपण, जल संरक्षण और स्वच्छता पृथ्वी को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका हैं।

वहीं क्विज प्रतियोगिता में वसुंधरा, सुंदरवन, सान्वी टीमों ने भाग लिया। इस मौके पर डॉ. मनोज शर्मा, डॉ. रेणु चौधरी, डॉ. तारकेश्वर नाथ तिवारी, डॉ. चंद्रपाल सिंह, डॉ. प्रशांत मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# जनता वैदिक महाविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का शुभारंभ

**बड़ौत (सच कहूँ न्यूज)**। जनता वैदिक महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत सात दिवसीय राष्ट्रीय पोषण सप्ताह (1 से 7 सितम्बर) की शुरूआत सोमवार को हुई। इस अवसर पर पोषण जागरूकता प्रश्नोत्तरी एवं इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं की पाँच टीमें–काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन और खनिज–ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों से संतुलित आहार, पोषक तत्वों और स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े प्रश्न पूछे गए।



इंटरएक्टिव सत्र में भी छात्रों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और पोषण संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की चारों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु, श्वेता अग्रवाल, डॉ. अमित नागर और अमृत गुप्ता ने किया। अंत में डॉ. इंदु ने संदेश दिया कि संतुलित आहार ही स्वस्थ जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्वा, पंकज कुमार, रवि, शेखर, तनु, काव्या और शाजिया का विशेष योगदान रहा।